(घ) कोई नहीं, क्योंकि केवल निःशुल्क पैसेज ही मंजूर किया गया था ।

भारतीय पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों द्वारा निकाली गई प्राइवेट और राजनीतिक पत्रिकायें

1743. **श्री शिव नारायण सरसूनिया :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय पर्यटन विकास निगम के दिल्ली स्थित कुछ अधिकारी प्राइवेट और राजनीतिक पत्रिकाएं निकालते हैं;

(ख) उक्त पत्रिकाएं किस प्रकार की हैं; और

(ग) उक्त पत्रिकाओं को किन नियमों और आदेशों के अन्तर्गत प्रकाशित किया जाता है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) भारत पर्यटन विकास निगम के प्रबन्धकवर्ग के नोटिस में ऐसा कोई दृष्टांत नहीं आया है जिसमें दिल्ली में उनका कोई अधिकारी निजी तथा राजनीतिक पत्रिकाएं (मैगजीनें) प्रकाशित कर रहा हो और न ही निगम ने अपने किसी अधिकारी को कोई ऐसी मैगज़ीन प्रकाशित करने की अनुमति ही दी है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

नेहरू ब्रिगेड और नेहरू हिल के आयोजकों का भारतीय पर्यटन विकास निगम के एक अधिकारी से सम्बन्ध

1744. **श्री शिव नारायण सरसूनिया** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रंजीत होटल, दिल्ली के निकट नेहरू ब्रिगेड और नेहरू हिल का आयोजक भारतीय पर्यटन विकास निगम के एक अधिकारी का भाई है ;

(ख) क्या वह उसके साथ रंजीत होटल में रहता है ; और

(ग) उक्त अनियमितताओं के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) से (ग) स्वर्गीय श्री सतीश दत्त (जिनकी 10 जून, 1977 को मृत्यु हुई) जो भारत पर्यटन विकास निगम में बिक्री एवं जन सम्पर्क प्रबन्धक के रूप में कार्य कर रहे थे रंजीत होटल के 'आफिसर्स फ्लैट्स' में से एक में रह रहे थे । उनके अविवाहित छोटे भाई श्री रमेश दत्त जिन्हें रणजीत होटल के पास स्थित नेहरू ब्रिगेड और नेहरू हिल का आयोजनकर्ता बताया जाता है, अपने स्वर्गीय बड़े भाई के साथ उसी फ्लैट में रह रहे थे । निकट सम्बन्धियों का अलौटी के साथ उसे अलौट किये गये आवास में ही मिल कर रहना अनियमित नहीं समझा जाता ।

Airbus crew of Indian Airlines

1745. SHRI VASANT SATHE:

SHRI SATYENDRA NARAYAN SINHA:

Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state: